बीच यात्रा करने वाले इंडियन एयरलाइन्स के यात्रियों की अत्यधिक भीड़ और लम्बी प्रतीक्षा-सूची की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्गों पर विमान सेवाओं में वृद्धि करने पर विचार करेगी ; और

(ग) क्या सरकार रायपुर और दिल्ली के बीच सीधी विमान-सेवा को पुनः प्रारंभ करने पर विचार करेगी ताकि यात्रा के समय को कम किया जा सके ?

**ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) :** (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) एयरबस ए-320 परिचालनों को स्थगित कर दिये जाने के कारण, इंडियन एयरलाइन्स इस समय विमान सेवाएं बढ़ाने की स्थिति में नहीं है ।

### विजयपुर मध्य प्रदेश में गैस क्रेकर यूनिट की स्थापना

**52. श्री अजीत जोगी :**
**कुमारी सुशीला तिरिया :**

क्या **पेट्रोलियम और रसायन मंत्री** 8 मई, 1989 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 186 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विजयपुर में एच० बी० जे० गैस पाइप लाइन पर आधारित एक गैस क्रेकर यूनिट तथा पोली-प्रोपीलीन यूनिट की स्थापना किये जाने के लिए मध्य प्रदेश से प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में क्या कोई अंतिम निर्णय ले लिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भजमन बेहेरा) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

### मारूती कार के फालतू पुर्जों के शत प्रतिशत स्वदेशीकरण के लिए लक्ष्य

**53. श्री अजीत जोगी :**
**कुमारी सुशीला तिरिया :**

क्या **उद्योग** मंत्री 24 अप्रैल, 1989 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 115 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मारुति उद्योग लिमिटेड की परियोजना रिपोर्ट में निर्धारित किये गए शत-प्रतिशत स्वदेशीकरण के लक्ष्य को हाल ही में प्राप्त कर लिया गया है ;

(ख) यदि नहीं, तो उसमें विलम्ब के क्या कारण हैं और 95.3 प्रतिशत स्वदेशीकरण के लक्ष्य को कब तक प्राप्त कर लिया जायेगा ; और

(ग) फालतू पुर्जों के आयात पर इस समय कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की जा रही है और कारों की बिक्री से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की जा रही है ?

**उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) मारुति उद्योग लिमिटेड की मात्रा और गुणवत्ता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपकरण उद्योग की अक्षमता ही स्वदेशीकरण कार्यक्रम में देरी का मुख्य कारण हैं । कार के 95.3% स्वदेशीकरण का लक्ष्य 31-3-1992 तक प्राप्त हो जाने की संभावना है ।

(ग) वर्ष 1989-90 के दौरान लगभग 83 मिलियन अमरीकी डालर 1,17,521 वाहनों के आयात उपकरण और हिस्से पुर्जों के उत्पादन पर खर्च किए गए थे और 21.49 मिलियन अमरीकी डालर की कुल विदेशी मुद्रा अर्जित की गई थी ।